>

Title: Regarding need to sanction a new railway line linking Bilaspur (Chhattisgarh) and Mandla (Madhya Pradesh).

श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर) : महोदय, बिलासपुर से मंडला नई रेल लाइन बिछाने का प्रकरण केन्द्र सरकार के पास विचाराधीन है। लगभग कई वर्षों से सर्वे किया गया और कई बार सर्वे हो चुका है किंतु अभी तक स्वीकृति नहीं दी गई। इसमें करोड़ों रूपये खर्च हुए हैं। उक्त मार्ग की लंबाई 115 कि.मी. है जिसके बनने से बिलासपुर से मंडला के जुड़ने से पूरे देश को आवागमन की सुविधा मिलेगी जैसे बिलासपुर से मण्डला जबलपुर से रायपुर, अमरकंटक, बिलासपुर मुम्बई दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ, बनारस आदि के लोगों को सुविधा मिलेगी। छत्तीसगढ़ के लोगों को रोजगार उद्योग धंधों के पनपने से उनकी आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी। उक्त लाइन के बनने से रेलवे विभाग द्वारा बिलासपुर मंडला जिले में कोयला, बाक्साइट, लोहा, डोलामाइट की खदाने तथा भिलाई के कारखानों से लोहे की ढुलाई से रेलवे की आमदनी बढ़ेगी।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सर्वे पर पुनःविचार कर प्लानिंग कमीशन में भेजकर बिलासपुर से मण्डला नई रेलवे लाइन बिछाने की स्वीकृति दी जाये।